## न्यूज बॉक्स

### गुमला हाट में स्थानीय उत्पादों की चमक, केंद्रीय अधिकारी अमित सतीजा ने की सराहना



**गुमला।** समाहरणालय परिसर में नव-निर्मित गुमला हाट का सोमवार को रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (ए.डी.पी) अमित सतीजा, आईएएस ने निरीक्षण किया। गुमला हाट में महिला स्वयं सहायता समूहों और कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) द्वारा तैयार उत्पादों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। अपने दो दिवसीय गुमला दौरे के दौरान सतीजा ने गुमला हाट में रागी लड्डू, रागी बीज, सरसों तेल, अचार, मांदर, लाह की चूड़ियाँ और जामुन बीज जैसे स्थानीय व पोषक उत्पादों का अवलोकन कर इनकी गुणवत्ता और विपणन व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने उज्जना-बिज्जना अभियान की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास है। गुमला हाट का संचालन रायडीह एग्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की लगभग 10 दीदियों द्वारा किया जा रहा है, जिनके माध्यम से 13 से अधिक स्वयं सहायता समूहों एवं एफपीओ द्वारा तैयार 40 से अधिक उत्पाद बेचे जा रहे हैं। दीदियों ने बताया कि पिछले तीन दिनों में 50,000 से अधिक की बिक्री हो चुकी है, जो उनके लिए उत्साहवर्धक उपलब्धि है। संयुक्त सचिव सतीजा ने जिलेवासियों से अपील की कि गुमला हाट जरूर आएं और स्थानीय उद्यमियों द्वारा निर्मित शुद्ध व पारंपरिक उत्पादों की खरीदारी कर उनका मनोबल बढ़ाएं। इस मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### गुमला में डायन बताकर महिला से बेरहमी से मारपीट, ट्रैक्टर हादसे से जोड़ा गया आरोप

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के धोधरा पाकईर टोली से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां 40 वर्षीय महिला सोमारी देवी को डायन बताकर गांव के ही कुछ लोगों ने घर से घसीटकर जमकर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि एक माह पूर्व नशे में ट्रैक्टर चला रहे तेतरु उरांव की दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसका दोष उसी पर मढ़ा गया। बीते बुधवार को पंचायत से पहले गांव के अंकित उरांव, पुनई उरांव, अंगनी देवी, बंधु उरांव और आशीष उरांव उसके घर पहुंचे और उसे बाल पकड़कर खींचते हुए बाहर निकाला। इसके बाद लात-घूंसे से बुरी तरह पीटा गया, जिससे वह बेहोश हो गई। घायल महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला का पति बाहर मजदूरी करता है और वह अपने 12 वर्षीय बेटे के साथ अकेली रहती है। परिजनों का कहना है कि वे सोमवार को थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

### गुमला में दर्दनाक हादसा, कुएं में गिरने से 90 वर्षीय वृद्धा की मौत

**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलागड़ा गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसे में 90 वर्षीय वृद्धा सोमारी देवी की कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, शौच के बाद चेहरा धोने के लिए पानी भरते समय उनका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गईं। काफी देर तक जानकारी नहीं मिलने के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। जब परिजन कुएं की ओर पहुंचे, तो वृद्धा का शव पानी में तैरता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### बी ए सेमेस्टर चार की परीक्षा दूसरी पाली की जगह पहली पाली में ली जाएगी

**सिसई (गुमला)।** बी ए सेमेस्टर चार ,सत्र 2022-2026 की सात मई को दुसरी पाली मे एक बजे से होने वाली इतिहास, भुगोल, मनोविज्ञान विषय के छात्रों की पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा उसी दिन सुबह नौ बजे से पहली पाली में होगी। पूर्व मे यह परीक्षा दुसरी पाली मे होनी थी। रांची विश्वविद्यालय रांची द्वारा परीक्षा समय सारिणी मे बदलाव किया गया है। सभी परीक्षार्थी छात्र बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई केंद्र में समय से आकर परीक्षा दें। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमिताभ भारती ने दिया है।

### तीन वाहनों की भीषण टक्कर, दो घायल, दरोगा बाल-बाल बचे, सड़क पर घंटों रहा जाम



**भरनो।** सोमवार की शाम एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के स्कूल चौक के समीप सर्विस रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें दो लोग घायल हो गए, जबकि भरनो थाना के दरोगा अभिनंदन कुमार एक बड़ी दुर्घटना से बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुमला की ओर से आ रहा एक कंटेनर ट्रक और इटकी की ओर से आ रहा डीजे साउंड लोडेड 407 ट्रक आमने-सामने से टकरा गए। इस बीच भरनो थाना के दरोगा अभिनंदन कुमार, जो अपनी स्विफ्ट कार में थाना लौट रहे थे, उनकी गाड़ी को भी कंटेनर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इटकी थाना क्षेत्र के तिलकसूती गांव निवासी सुभाष मुंडा (22) और कुर्गी गांव निवासी रवि उरांव (18) घायल हो गए। दोनों को तत्काल स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के कारण सड़क पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। बाद में भरनो पुलिस द्वारा हाइड्रा मशीन मंगवाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाया गया, तब जाकर करीब एक घंटे बाद सड़क पर आवागमन सामान्य हो सका।

### भरनो प्रखंड में विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने की कड़ी समीक्षा

# अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड, अंचल, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, पीएचईडी, जेएसएलपीएस, पीडीएस, बैंक सहित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

विधायक ने सभी विभागों की योजनाओं और कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की और कई विभागों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने बैंक कर्मियों से कहा कि भरनो एक कृषि प्रधान प्रखंड है, अतः किसानों को समय पर केसीसी ऋण उपलब्ध कराया जाए। शिक्षा विभाग को फटकारते हुए उन्होंने कहा कि कई शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते, जिससे ग्रामीण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति पर विशेष निगरानी की बात कही।

विधायक ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि भरनो एक पिछड़ा व ग्रामीण इलाका है, जहाँ के लोग अक्सर पढ़े-लिखे नहीं होते और बेहद गरीब तबके से आते हैं। यदि वे किसी काम से बैंक, ब्लॉक, अंचल या थाना आते हैं, तो उन्हें सहयोग मिलना चाहिए, न कि बहाने बनाकर टरकाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे अब हर माह दो बार ब्लॉक में बैठक करेंगे और जनता की समस्याएं सुनेंगे। यदि किसी विभाग में गड़बड़ी पाई गई तो सीधे कार्रवाई की जाएगी।

बैठक की शुरुआत से पहले किसी भी पदाधिकारी का सभागार में मौजूद न रहना विधायक को खल गया। उन्होंने इसे बेहद चिंताजनक बताते हुए सवाल उठाया कि जब जनप्रतिनिधि के प्रति ही यह रवैया है तो आम जनता के साथ कैसा व्यवहार किया जाता होगा?

उन्होंने सभी अधिकारियों को 15 दिनों की समय सीमा देते हुए कहा कि जिन-जिन खामियों की आज पहचान हुई है, उसमें सुधार कर लिया जाए, अन्यथा अगली समीक्षा में कोई सफाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक के अंत में जेएसएलपीएस की महिलाओं ने विधायक का स्वागत उनके जाने के दौरान किया, जिस पर विधायक ने नाराजगी जताई और कहा कि किसी भी अतिथि का स्वागत उनके आगमन पर होना चाहिए, न कि विदाई के समय।

बैठक में बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजर, करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी, भरनो थाना प्रभारी मंटू चौधरी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन बड़ा, विभिन्न पंचायतों के मुखिया और सभी विभागों के अधिकारी एवं जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक जिगा सुसारन ने किए समीक्षा बैठक, कार्य प्रणाली से हुए असंतुष्ट

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में सोमवार को विधायक जिगा सुसारन होरो ने सभी विभागों के समीक्षा बैठक किए। तथा कार्यों की धीमी गति को देखते हुए विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाए। साथ ही ग्रामीणों की शिकायत पर ऑनलाइन रसीद तथा दाखिल खारिज सुधार को लेकर अवैध उगाही पर अंचलाधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि जनता से रिश्वत लेना और जनता का शोषण करना बंद करें। वहीं अबुआ आवास में काफी अनियमितता बरते जाने की शिकायत पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को भी जमकर फटकार लगाते हुए गलतियों को सुधारकर योग्य गरीब व्यक्ति को ही आवास आवंटित करने का सख्त निर्देश दिए। इसी तरह अन्य विभागों के कार्यगति से नाखुश विधायक ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण कर जनता को लाभ देने का निर्देश दिए। और उन्होंने कहा कि यदि समय पर कार्य पूर्ण नहीं हुए तो कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदुओं को संगठित होने की जरूरत



- विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की लाश्रा में संयुक्त बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के पिबो पंचायत स्थित लाश्रा गांव में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त विहिप अध्यक्ष बालेश्वर उरांव ने की। इस अवसर पर संगठन विस्तार, हिंदू समाज की एकजुटता और आत्मरक्षा पर जोर दिया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक संतोष यादव ने कहा कि वर्तमान में देश में हिंदू समाज की स्थिति चिंताजनक है। हिंदू समाज को विभाजित करने के प्रयास हो रहे हैं, जिससे सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने माताओं और बहनों से आत्मरक्षा के लिए लाठी-तलवार चलाने की शिक्षा लेने की बात कही। विहिप के जिला सत्संग प्रमुख अशोक सिंह ने कहा कि जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर सभी हिंदुओं को एकता के सूत्र में बंधना होगा। विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने धर्मग्रंथों के अध्ययन और मंदिरों की नियमित पूजा-सफाई पर बल दिया, साथ ही गो सेवा को भी महत्वपूर्ण बताया। प्रचार-प्रसार प्रमुख अमित कुमार ने घटती हिंदू जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदुओं को अब चार बच्चे पैदा करने चाहिए ताकि भविष्य में संतुलन बना रहे। उन्होंने घुसपैठ की समस्या को भी गंभीर बताया और संगठित रहने की अपील की। बैठक में संगठनात्मक दायित्वों का भी वितरण किया गया। बालेश्वर उरांव को विहिप अध्यक्ष, सुरेश सिंह को उपाध्यक्ष, अर्जुन सिंह को मंत्री नियुक्त किया गया। बजरंग दल संयोजक हीरा नाथ सिंह, सह संयोजक लक्ष्मण सिंह एवं दीपक साहू बनाए गए। वहीं, मातृशक्ति प्रमुख के रूप में सबिता देवी, सह प्रमुख सेनापति देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका मुस्कान कुमारी और पूजा कुमारी एवं सुशीला कुमारी को सह संयोजिका की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में पार्वती देवी, देवकी देवी, शंकर राम, चंद्र पाल सिंह, बुधराम लोहारा, जमुना कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 50 किलो जावा नष्ट, 10 लीटर शराब जब्त

**गुमला।** गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड में अवैध महुआ शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई हुई। विभाग की टीम ने चैनपुर बाजारटांड़ स्थित रेणु खलखो के घर पर छापेमारी कर 50 किलो जावा महुआ बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही 10 लीटर तैयार महुआ शराब भी जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### पेयजल की समस्या लेकर ग्रामीण पहुंचे पेयजल कार्यालय, लटका मिला ताला

#### अधिकारियों की गैरहाजिरी से भड़के लोग

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला प्रखंड के वृंदा पंचायत अंतर्गत बहवारटोली गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को पेयजल संकट के समाधान की मांग को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल (डीडब्लयूएस) कार्यालय का रुख किया। दोपहर करीब 12 बजे मुखिया सत्यवती देवी और सामाजिक कार्यकर्ता बसंत कुमार के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां ताला लटका मिला और कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं था। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने बताया कि दो सप्ताह पूर्व जलसंकट को लेकर विभाग को लिखित आवेदन दिया गया था, जिस पर विभागीय अभियंता ने डीप बोरिंग का आश्वासन भी दिया था। लेकिन न तो किसी तरह की पहल की गई और न ही कोई सूचना ग्रामीणों को दी गई। कार्यालय में बार-बार कर्मचारियों की अनुपस्थिति से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। मुखिया सत्यवती देवी ने कहा कि जब अधिकारी ही मौजूद नहीं रहते तो ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। उन्होंने वरीय अधिकारियों से जल्द संज्ञान लेने की मांग की है ताकि गांव में व्याप्त जल संकट का समाधान हो सके।

### कुआं में गिरने से वृद्ध व्यक्ति की हुई मौत

**सिसई (गुमला)।** थाना क्षेत्र के कुदरा मोड़ में स्थित शादी समारोह में भाग लेने पहुंचे वृद्ध बघनी गांव निवासी नरुआ उरांव (65) की रविवार देर शाम कुआं में गिरने से मौत हो गई। मृतक नरुआ उरांव जो वर्तमान में मोरहाबादी रांची में रहता था, वह अपने रिश्तेदार कुदरा मोड़ निवासी सोमरा तिर्की के बेटे के बड़ा मेहमानी,शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। रविवार शाम नशे की हालत में घर के अंदर कुआं में गिर गया, शोर सुनकर लोगों ने कुआं से नरुआ को निकाला और रेफरल अस्पताल लेकर गए,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सिसई पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। सोमवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शादी कार्यक्रम में हुई इस घटना से खुशी का माहौल गम में तब्दील हो गया।

### चापाडीह में सरना-सनातन धर्म की एकता को लेकर बैठक

## मंदिरों के संरक्षण व सर्वे का हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को पंचायत कांसीर के चापाडीह ग्राम में सरना-सनातन धर्म की एकता, अखंडता और मंदिरों के संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हर गांव के मंदिरों का निरीक्षण और निर्माण कार्य पर चर्चा की गई। साथ ही, हर सरना सनातनी परिवार का सर्वे कार्य भी औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अर्चक पुरोहित प्रमुख अरुण पंडा ने की। उन्होंने "सेवा, सुरक्षा और संस्कार" को संगठन की मूल भावना बताते हुए समाज में जागरूकता फैलाने पर बल दिया। बैठक में युवाओं, विशेषकर बालक-बालिकाओं को संगठन से जोड़ने और धार्मिक चेतना जागृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, मंत्री बिनोद सिंह, बजरंग दल के उपखंड संयोजक मुकेश सिंह, दुर्गा वाहिनी की संयोजिका सुश्री पूर्णिमा कुमारी एवं सह संयोजिका पूजा कुमारी, अर्चक पुरोहित प्रमुख अर्जुन सिंह, सत्संग प्रमुख राजकिशोर सिंह, मातृशक्ति प्रमुख प्रतिमा देवी एवं सह प्रमुख गीता देवी, समरसता प्रमुख रामलगन सिंह सहित सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से सरना-सनातन समाज को संगठित करने, धार्मिक स्थलों के सशक्तिकरण और अगली पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई गई।

## बुजुर्गों के सम्मान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने रचा अनूठा संगम, भावुक हुए दादा-दादी, नाना-नानी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** विद्या भारती के निर्देशानुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में सोमवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन बुजुर्गों के प्रति सम्मान, स्नेह और पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश देने वाला था। विद्यालय परिसर इस मौके पर एक भावनात्मक और उल्लासपूर्ण वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, गुमला कोर्ट के अधिवक्ता शंभु सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसायी अनिल प्रसाद एवं सिद्धेश्वरी देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने दादा-दादी और नाना-नानी का स्वागत किया। नन्हे-मुन्नों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य और कविताओं ने समारोह में भावनात्मक रंग भर दिया। कई बुजुर्ग अपनी आंखों के आंसू रोक नहीं सके और इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी परिवार की नींव होते हैं और उनका आशीर्वाद बच्चों के संपूर्ण विकास में सहायक होता है। मुख्य अतिथियों में अधिवक्ता शंभु सिंह और व्यवसायी अनिल प्रसाद ने इस आयोजन को एक यादगार क्षण बताया, जो पीढ़ियों के बीच स्नेह और संस्कार की डोर को मजबूत करता है। सचिव विजय बहादुर सिंह ने वर्तमान सामाजिक परिस्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि बुजुर्गों की उपेक्षा भारतीय संस्कृति नहीं है। विद्यालय द्वारा किया गया यह प्रयास बच्चों के मन में बुजुर्गों के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को विकसित करता है। करीब 130 दादा-दादी एवं नाना-नानी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

### दर्दनाक सड़क हादसा, बाइक पेड़ से टकराई

## 12 वर्षीय बेटे की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र स्थित तीन मुहानी बोरांग मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय अमृत उरांव की मौत हो गई, जबकि उसके पिता संतोष उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पिता-पुत्र बानालात साप्ताहिक हाट से सब्जी खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में अमृत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चैनपुर प्रखंड में आवास योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# कई पंचायत कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चौकसी और प्रगति को ध्यान में रखते हुए चैनपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत एक साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड समन्वयक कमलेश बरला के साथ सभी पंचायतों के पंचायत सचिव और जनसेवक भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से उन लाभुकों पर ध्यान केंद्रित किया गया जिन्होंने आवास की पहली, दूसरी और तीसरी किस्त प्राप्त कर ली है, लेकिन अब तक उन्होंने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है। बीडीओ ने इन लाभुकों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि वे शीघ्रता से आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करेंगे, तो उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में बीडीओ ने कहा, "आवास निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करना अनिवार्य है, ताकि लाभुकों को उनका घर समय पर मिल सके। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी लाभुक इस योजना से वंचित ना रहे।" उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लाभुकों से संपर्क करें और उन्हें कार्य में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का पूरा लाभ मिल सके और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। बीडीओ ने कहा, "हम इस योजना के अंतर्गत आवास निर्माण गतिविधियों में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी कोशिश है कि अधिक से अधिक लोग अपने घर का सपना पूरा कर सकें।"बैठक का समापन करते हुए बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों और जनसेवकों से यह अपेक्षा की कि वे आवास योजना के प्रति जागरूकता फैलाएं और लाभुकों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। इस पहल से निश्चित ही चैनपुर प्रखंड में आवास निर्माण गतिविधियों में सुधार होगा, और लाभुकों को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर मिलेगा। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पंचायत कर्मी एवं रुचि नहीं लेने वाले कर्मी से स्पष्टीकरण मांगा गया।

### गुमला में यूट्यूब वीडियो देखकर धर्म परिवर्तन!

## केवना गांव के 5 कोरवा परिवारों ने अपनाया नया विश्वास, गांव में तनाव

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड के बारडीह पंचायत स्थित केवना गांव में कोरवा जनजाति के पांच परिवारों ने यूट्यूब पर प्रार्थना सभा का वीडियो देखकर धर्म परिवर्तन कर लिया है। इन पांच परिवारों में कुल 38 सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि परिवार के कुछ सदस्य लंबे समय से बीमार थे और इलाज से आराम नहीं मिल रहा था। इसी दौरान बंधु कोरवा ने यूट्यूब पर एक प्रार्थना सभा का वीडियो देखा जिसमें बीमार लोगों के चंगे होने का दावा किया गया था। इसके बाद ये परिवार गुमला जाकर प्रार्थना सभा में शामिल हुए, जहां उनके तीन बच्चों की तबीयत में सुधार आया। इसके बाद से इन पांच परिवारों ने अपना मूल धर्म छोड़कर प्रार्थना सभा में भाग लेना शुरू कर दिया और नया धर्म अपना लिया। धर्म परिवर्तन के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। गांव के सरना स्थल पर पूजा के दौरान 3 मई को इन परिवारों को पूजा करने से रोका गया। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि धर्म परिवर्तन करने वाले सात लोगों के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की। आरोप लगाया गया कि ये लोग प्रार्थना सभा की आड़ में डायन बिसाही सीख रहे हैं। हालात बिगड़ते देख प्रशासन हरकत में आया। एसडीओ, एसडीपीओ समेत कई अधिकारी गांव पहुंचे और कैंप कर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील की।

